हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, रविवार 19 मई 2024

14 रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साइफन का समाधान नहीं



15 तापमान @45 डिग्री पार, मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट



Affiliated to CBSE, New Delhi

# MODERN SR. SEC. SCHOOL

MODERN SR. SEC. SCHOOL Mahendergarh
शिक्षा अस्माकम् धर्मः

Co-Edu. A Day Boarding Cum Residential School
CHAMDHERA ROAD, M/GARH

Ph. : 01285-222020, 9416089674, 9416320218 Email : principalmodern@gmail.com

## ADMISSION OPEN
SESSION 2024-2025

Heartiest Congratulations
For marvelous achievement of Modern students





Divisional Level Students Legal Literacy Programme
(Haryana State Legal Service Authority DSE)
गुरुग्राम में लिगल लिटरैसी विषय पर आधारित राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्कूल की छात्र मान्यता व रिया को सम्मानित करते आई.ए.एस. डॉ. बलप्रीत सिंह, डी.सी.पी. मानेसर डॉ. दीपक व डी.ई.ओ. गुरुग्राम इंदु बोकन।


97.2%
MANYATA
PALL

## TOPPERS OF CLASS - X

SAHIL 94.4%, USHA 93.2%, NIKHIL 92.4%, BARKHA 91.4%, BHAVISHYA YADAV 90.2%, PANKAJ 89.4%, JYOTI 88%, ANUJ KUMAR 87.8%, PRIYANSHU 87.4%, RIYA 87%, BHARTI YADAV 87%

PRASHANT SINGH 85%, KAJAL 84.6%, DIPANSHU YADAV 84.4%, HIMANSHI 84.2%, MINAKSHI 83.8%, TANISH 83.4%, BHARAT 83.2%, ARYAN 82.8%, PRIYA 81.6%, YOGESH 81%, MANISH RAGHAV 80%


93.6%
SAHIL YADAV
M.GARH

## TOPPERS OF CLASS - XII

### SCIENCE STREAM

MUSKAN 93.4%, UTTAM KUMAR 93.2%, VISHAL 93%, NITIN YADAV 92.2%, KHILESH 90.8%, GUNGUN 90.2%, NIKITA 89.8%, SUNIJ SHARMA 89.2%, NIDHI 87.2%

ANSHUL YADAV 87.2%, HARSH 86.8%, HIMANSHI 85.8%, DIVYA 85%, NANCY 84.8%, TANNU 82.8%, SHOKIN 82.6%, BHARTI 81.8%, PRIYANSHU 81.2%, MANOJ KUMAR 80.8%


92.4%
DIVYA YADAV
KOTIA

### ART STREAM

SATAKSHI 91.2%, MAINSHU 87.2%, NISIKA KUMARI 85.2%, NANDINI 85.2%, KHUSHI 85.2%, VINKA 85%, BHAWANA 84.8%, JHANKAR 82.6%, PRIYA 82.2%, SURBHI 80.4%, NITESH SINGH 80.4%


90.2%
SAPNA YADAV
GADANIYA

### COMMERCE STREAM

KARUNA KHICHI 84.4%, NEHA 84.2%, LALITA 81%

## SUBJECT WISE TOPPERS

| | Math | Eng | Hindi | Music | Geo Pol/S.St. | Phy/Sci | Chem | Acc./Bio |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| XII | 100 | 99 | 98 | 100 | 99 | 98 | 98 | 98 |
| X | 100 | 99 | 99 | 100 | 98 | 99 | - | - |

SATAN SINGH (CHAIRMAN) 9416089674
PARDEEP TANWAR (PRINCIPAL) 9416320218

## खबर संक्षेप




नारनौल। भारत स्काउट गाइड की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते डीओसी रमेश सोनी।

### शिक्षा विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित

**नारनौल।** जिला प्रशासन के सहयोग से शिक्षा विभाग की ओर से चलाए जा रहे स्वीप मतदाता जागरूकता व ओवाईएमएस कार्यक्रम के तहत महेंद्रगढ़ खंड शिक्षा अधिकारी अलका की अध्यक्षता में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया। डीओसी स्काउट रमेश सोनी ने पांच से 18 वर्ष के सभी विद्यार्थियों का ओवाईएमएस ऑनलाइन यूथ मेंबरशिप कार्यक्रम के लिए भारत स्काउट गाइड की साइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

### बिजली निगम कार्यालय में होगा सुंदरकांड पाठ

**महेंद्रगढ़।** शहर के कुरहावटा रोड पर स्थित बिजली निगम कार्यालय प्रांगण में 21 मई को हनुमान जी के रोट का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व 20 मई सोमवार को रात्रि 8:15 बजे रामायण के संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी करवाया जाएगा। सब यूनिट प्रधान अनिल कुमार यादव लाइनमैन ने बताया कि हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी शहर के समस्त बिजली निगम के कर्मचारियों की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में सोमवार 20 मई को रात्रि 8:15 बजे रामायण के संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।, जिसमें श्री आदर्श संकीर्तन मंडल महेंद्रगढ़ के कलाकार सुंदरकांड पाठ के साथ-साथ बालाजी के भजनों की प्रस्तुति देंगे।

### विद्यार्थियों के लिए की छात्रवृत्ति की घोषणा

**कनीना।** विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के क्षेत्र में शनिवार को गांव रामबास में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयाजन किया गया। इस समारोह के मुख्यातिथि बीईओ विश्वेश्वर कौशिक व बीईओ देवेंद्र शर्मा अटेली रहे। अध्यक्षता प्राचार्य ओमपाल सिंह व दिवंगत बीईओ धर्मपाल सिंह की पत्नी एवं प्रवक्ता रमन शास्त्री की माता कमला देवी ने की। बीईओ ने कहा कि रामबास स्कूल के विद्यार्थियों के लिए कमला देवी की ओर से छात्रवृत्ति योजना लागू कर अच्छी पहल की गई है। इससे विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, वहीं शिक्षा में भी सुधार होगा।

## रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साइफन का समाधान नहीं

# कनीना-दादरी सड़क मार्ग पर भूसे से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, बड़ा हादसा टला

- कनीना-महेंद्रगढ़ सड़क पर उन्हाणी के समीप लंबे समय से कंडम रोड
- लोक निर्माण विभाग व नहर विभाग के अधिकारी जिम्मेदारी लेने से बच रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

कनीना-दादरी सड़क मार्ग पर उन्हाणी के समीप बीती 11 अप्रैल को ईद के अवकाश के दिन घटित स्कूल बस सड़क हादसे के बाद भी जिला प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया है। इस हादसे में झाड़ली के चार व धनौंदा के दो सहित छह विद्यार्थियों की दर्दनाक मौत हो गई थी। वहीं 24-25 विद्यार्थी घायल हो गए थे। हादसे के बाद नींद से जागे जिला प्रशासन ने भले ही इस हादसाग्रस्त प्वाइंट को एक्सीडेंट एरिया घोषित कर रिफ्लेक्टर बत्ती आदि लगा दी हो, लेकिन इस हादसे के बावजूद प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया है। हादसाग्रस्त इस प्वाइंट से महज दो सो मीटर दूर कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाइवे नंबर 24 पर उन्हाणी गांव के समीप से गुजर रही करीब 25 किलोमीटर लंबी रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लंबे समय से लीकेज साइफन को दुरूस्त नहीं किया गया है। पानी का रिसाव होने के चलते डिस्ट्रीब्यूटरी के दोनों ओर सड़क मार्ग में गड्ढे बने हुए हैं। जहां आए दिन सड़क हादसे घटित हो रहे हैं ओर रोड सेफ्टी के दावे भी तार-तार हो रहे हैं। टूटी सड़क को बचाने के चक्कर में शनिवार सुबह महेंद्रगढ़ से कनीना की ओर जा रही भूसे से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। गनीमत रही कि इस दौरान कोई अन्य वाहन नजदीक नहीं था। जिससे बड़ा हदसा होते-होते टल गया। दुर्घटना के इस पहलु को लेकर नहर व लोक निर्माण विभाग आमने-सामने हैं।



**कनीना।** महेंद्रगढ़-कनीना-कोसली स्टेट हाईवे-24 पर रिसावग्रस्त पुलिया से क्षतिग्रस्त सड़क पर पलटी भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली। फोटो : हरिभूमि

#### क्या कहते हैं एसडीओ

इस बारे में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि इस स्टेट हाईवे के चौड़ा करने का अभी कोई प्लान नहीं है। रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साइफन को ठीक करवाने के लिए नहर विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। पानी का रिसाव बंद होने के बाद उनकी ओर से सड़क निर्माण करवा दिया जाएगा।

#### क्या कहते हैं नहर विभाग के एक्सईएन

ईधर नहर विभाग के एक्सईएन अजेंद्र सुहाग ने बताया कि सड़क के चौडीकरण की संभावना एवं एस्टीमेट मंजूर होने बाद लीकेज साइफन को न केवल दुरूस्त किया जाएगा, बल्कि चौड़ा भी किया जायगा। सड़क को ठीक करवाने की दिशा में लोक निर्माण विभाग कार्य कर सकता है।



नारनौल। येलो डे कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## राजवंशी स्कूल में मनाया येलो-डे

**नारनौल।** राजवंशी स्कूल दौचाना में शनिवार को येलो डे सेलिब्रेट किया गया। इसमें बच्चों को बताया गया कि येलो कलर सनसाइन, होप, हैप्पीनेस, एनर्जी का प्रतीक है। बच्चों को खेल-खेल में येलो कलर के बारे में अलग-अलग तरह की रोचक व ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई। येलो कलर की विभिन्न चीजों से वे रूबरू भी हुए। स्कूल परिसर को पीले रंग के गुब्बारों व अलग-अलग कटआउट्स से सजाया गया था। बच्चे पीले रंग की ड्रेस में पहुंचे। इस गतिविधि को करवाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पीले रंग की पहचान कराना रहा। इस दौरान कलरिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। बच्चों ने विभिन्न ड्राइंग में पीला रंग भरा। प्राचार्या दिनेश कुमार ने कहा कि छोटे बच्चे बहुत ही कोमल हृदय के होते हैं। जीवन के विभिन्न रंगों से उनका परिचय करवाने के लिए हमें रंगीन उत्सव मनाने चाहिए। पीला रंग उमंग व उत्साह का प्रतीक है। यह रंग केवल मनुष्यों में ही नहीं पशु-पक्षियों में भी उमंग, उत्साह व जीवन जीने की ललक पैदा करता है।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोरियावास में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोरियावास में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य सुनीता देवी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समाजशास्त्र प्रवक्ता संजय शर्मा ने मंच संचालन किया। इस स्कूल से कुल 52 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। 18 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया। छात्रा नीता कुमारी ने 500 में से 483 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 12वीं कक्षा में कुल 84 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा दी थी, उनका परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा।

## यदुवंशी में संस्कृत श्लोक प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़। यदुवंशी शिक्षा निकतेन में संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य देववाणी संस्कृत भाषा की प्रतिष्ठा व सम्मान की भावना में विद्यार्थियों की रूचि पैदा करना है। इस दौरान यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह मुख्यातिथि, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एव चेयरपर्सन संगीता यादव विशिष्ट अतिथि तथा निदेशक विजय सिंह यादव ने अध्यक्ष के रूप में शिरकत की। यह प्रतियोगिता बालवर्ग कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई, जिसमें कक्षा छठी से अंजनय, पाखी व मोहित प्रथम, खुशी, तेजश्वी व रीतिका द्वितीय तथा अमृता ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा सातवीं से निधि, निखिल व हिताक्षी ने प्रथम, जिज्ञांश ने द्वितीय तथा मयंक व सुशांत ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा आठवीं से निशा, प्रियांशी व निखिल ने प्रथम, रूचिका ने द्वितीय तथा माही व दिव्या ने तृतीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। चेयरमैन राव बहादुर सिंह, निदेशक विजय सिंह यादव, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव तथा चेयरपर्सन संगीता यादव ने कहा कि संस्कृत भाषा विद्यार्थियों के हृदय, वाणी, कर्म व विचारों को पवित्र व संस्कारी बनाती है। इसी भाषा से हमारी सांस्कृतिक विरासत भी सुरक्षित है।




**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

- गैलेक्सी स्कूल बवानिया में बच्चों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गैलेक्सी स्कूल बवानिया में बच्चों के स्कूल बैग, ड्रेस व नोटबुक कवर चेक किए गए। मीडिया प्रभारी संजय शास्त्री ने बताया कि प्राइमरी विंग की हेड मीना की देखरेख में कक्षा पहली से नौवीं तक के बच्चों की नोटबुक कवर बैग तथा ड्रेस चेक की गई, जिसमें कक्षा पहली से विहान व लक्ष्य प्रथम, यशिका मयंक द्वितीय, दीक्षा पायल व पूजा तृतीय स्थान पर रहे। दूसरी से जयान रितिका प्रथम, अयान लक्षित द्वितीय, भूमिका व जिया तृतीय स्थान पर रहे। तीसरी से नैंसी सीखा प्रथम, जेसिका विनीत द्वितीय स्थान पर रहे। चौथी से राशि यशिका प्रथम, गर्व व प्रज्ञा द्वितीय स्थान पर रहे। पांचवी से मोहित आस्था कनक प्रथम, यशिका रजत दिव्या द्वितीय स्थान पर रहे। छठी से काश्वी कोमल समर प्रथम, साक्षी, नैंसी, खुशी, वंशिका द्वितीय स्थान पर रही। सातवीं कक्षा से दीपक प्रथम व अवी द्वितीय स्थान पर रही। आठवीं से नव्या दक्ष प्रथम, स्नेहा, ट्विंकल द्वितीय स्थान पर रही। नौवीं से भावना, रानी प्रथम, रही। प्रधानाचार्य करण सिंह यादव व एमडी दरियाव सिंह ने बताया कि इस प्रकार के कार्य से बच्चों में सफाई के प्रति जागरूकता उत्पन्न होती है तथा उत्साह व मनोबल बढ़ता है। विद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ ने बच्चों को सफाई रखने की प्रेरणा दी व उनके उज्ज्वल भविष्य कामना की।



**महेंद्रगढ़।** विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## लंबोरिया एकेडमी में तीन दिवसीय शिविर का शुभारंभ

- समाज में सद्भावना का विकास सुनिश्चित हो पाएगा : दिनेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

लंबोरिया एकेडमी बूढ़वाल में संस्था के निदेशक राजपाल लंबोरा की अध्यक्षता में तीन दिवसीय शिविर का शुभारंभ आचार्य दिनेश कुमार जोधपुर ने किया। कार्यक्रम में महाशय सतबीर आर्य व बिरेंद्र आर्य मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संस्कार व शिष्टाचार की दैनिक जीवन में उपयोगिता से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि अधिकतर अभिभावक बच्चों की किताबी शिक्षा पर फोकस करते हैं। जिससे समाज में शिक्षा का स्तर तो बढ़ गया, लेकिन अपराधों का ग्राफ भी तेजी से ग्रोथ करने लगा है। युवा वर्ग में नशा, कुप्रथा व अन्य संगीन विचारधारा पनपने लगी है। जिससे समाज में अशांति व अराजकता का माहौल उत्पन्न होने लगा है। समाधान के लिए शिक्षण पद्धति में संस्कार व शिष्टाचार का समावेश करना अनिवार्य हो गया। तर्क दिया कि किताबी पढ़ाई करने से रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी, लेकिन सामाजिक अनुभवों से वंचित रहना पड़ेगा। समाज व राष्ट्र का विकास संस्कार व शिष्टाचार पर निर्भर रहता है। उन्होंने स्कूल संचालकों को हर सप्ताह संस्कारों पर आधारित प्रतिस्पर्धा करवाने का सुझाव दिया। तर्क दिया कि संस्कारित युवा ही एकाग्र होकर पढ़ाई करने में सक्षम होता है। इसके बाद उन्होंने नशाखोरी के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया।



**नांगल चौधरी।** लंबोरिया एकेडमी के विद्यार्थियों को संस्कारों से अवगत करवाते आचार्य दिनेश। फोटो : हरिभूमि

## हैप्पी स्कूल में यात्रा गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हैप्पी एवरग्रीन स्कूल में दुनिया की यात्रा गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि में कक्षा छह से आठवीं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। गतिविधि प्रभारी बनीता शर्मा और सोनू कुमार ने बताया कि गतिविधि की रूपरेखा को निर्धारित करने के उद्देश्य से छह टीमों का गठन आयुष ग्रुप, मीनल, हिमांशी, क्षमा, यशिका, आदित्य, प्रतीक और सानिया ग्रुप बनाए गए। जिसमें विद्यार्थियों ने सातों महादीपो के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल और विंग प्रभारी हुकमचंद गर्ग रहे। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने बताया कि संग्रहालय दिवस का उद्देश्य लोगों को इतिहास के बारे में शिक्षित करना और जागरूकता बढ़ाना है। हमारे छात्र-छात्राओं ने अपनी इस गतिविधि के माध्यम सभी महाद्वीपों की जानकारी प्रस्तुत करने का प्रयास किया। संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस की स्थापना का उद्देश्य विश्व स्तर पर संग्रहालयों को एकजुट करना और जागरुकता बढ़ाना है।







**महेंद्रगढ़।** क्वीज प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## श्रीकृष्णा स्कूल में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

- साइंस भावनाओं को शिखर तक पहुंचता : डा. बीरसिंह
- प्रतियोगिता में विजेता को स्टेशनरी देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव व अध्यक्षता प्राचार्य अजीत सिंह ने की। कॉर्डिनेटर सुशीला यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रयास सेक्शन व लक्ष्य सेक्शन के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि विजेता टीम में कक्षा नौवीं से अचिंत, 12वीं से साहिल, 11वीं से तुषार, 10वीं से हिमांशी, 12वीं से तमन्ना, 11वीं से पीयूष, नौवीं से निधि व 10वीं से रौनक रहे। चेयरमैन डा. बीरसिंह यादव ने कहा कि साइंस एक ऐसा विषय है जो भावनाओं को शिखर तक पहुंचता है। यादव ने कहा कि श्रीकृष्णा स्कूल शिक्षा जगत में अपनी अलग ही पहचान रखता है।

सीवी रमन, हरगोविंद सिंह खुराना व एपीजे अब्दुल कलाम के महान पद चिन्हों पर चलकर श्रीकृष्णा स्कूल के विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया है कि वे किसी परिचय का मोहताज नहीं है। प्राचार्य अजीत सिंह ने कहा कि विज्ञान हर स्तर पर मनुष्य को बेहतर बनाता है। विज्ञान ने मानव का जीवन सरल एवं सुविधाजनक बना दिया है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को स्टेशनरी देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## निरंकारी मिशन से जुड़े परिवार ने करवाया सत्संग

- ब्रांच डहीना से मुखी महात्मा धर्मपाल ने दिए प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

संत निरंकारी मिशन से जुड़े परिवार ने गांव भोजावास में सत्संग का आयोजन करवाया, जिसमें निरंकारी मंडल के ब्रांच डहीना से मुखी महात्मा धर्मपाल ने स्टेज सेवा कर प्रवचन दिए। उन्होंने बताया कि इस मिशन का उद्देश्य मानव से मानव को जोड़ने का और आपस में प्रेम भावना जागृत करना है। इन्होंने अपने विचारों में बताया कि आज सतगुरु सुदीक्षा महाराज ब्रह्म ज्ञान देकर इस परमात्मा का दर्शन करवा रही है। विचारों में बताया कि बिना सतगुरु के जीवन में ज्ञान का उजाला नहीं होता। संतों महापुरुषों का संघ हमेशा ही उपकारी रहा है। बाबा हरदेव सिंह महाराज ने भी 36 वर्षों तक मानवता का पाठ पढ़ाया और कहा कि हमने निरंकारी मिशन के चौथे सतगुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज का जो सपना था। हम सभी को बाबा के सपने को साकार बनाना है और उनके शिक्षाओं पर चलना है। उन्होंने कहा कि हमें हर मानव से प्रेम की भावना रखनी है



**महेंद्रगढ़।** प्रवचन करते महात्मा धर्मपाल।

## युवाओं को नशे से दूर रहने को किया प्रेरित

**कनीना।** नशे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करने के लिए पुलिस की ओर से जिले में चलाई जा रही मुहिम के तहत गांव चेलावास में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। थाना शहर प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने गांव के युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशे जैसी बुराइयों को जागरूकता से खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन निश्चित रूप से युवाओं को समाज से जोड़ने और नशे जैसी बुराई के खिलाफ कारगर साबित हो सकते हैं।

## चांदुवाड़ा में श्रीमद्भागवत कथा आयोजित



**नारनौल।** श्री धार्मिक रामलीला मैदान मोहल्ला चांदुवाड़ा में आयोजित की जा रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शनिवार को आचार्य राजेश बोहरा, आचार्य राजेंद्र शास्त्री, नारायण शास्त्री, पंडित गगन भारद्वाज, देवेंद्र शास्त्री, भूपेश शास्त्री व खुशाल शास्त्री ने मुख्य यजमान ललित सैनी व अमित गोयल, साथ में लवनीश गुप्ता, राहुल गोयल, धर्मनारायण शर्मा पत्रकार, रामसिंह यादव से पूजा संपन्न करवाई। इस अवसर पर कथा व्यास पंडित नवीन कौशिक ने श्री ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई। आचार्य कौशिक ने बताया कि कैसे ध्रुव महाराज ने छोटी सी उम्र में दृढ़ निश्चय कर के नारद जी द्वारा बताए हुए रास्ते पर चल कर भगवान को प्राप्त किया।। व्यास ने वामन अवतार की कथा सुनाते हुए बताया कि अगर कोई दान करता है, तो हमे उसे रोकना नहीं चाहिए। ध्रुव जी व वामन भगवान की सुंदर झाकी भी दिखाई गई।

## पकड़ लो हाथ बालाजी नहीं तो डूब जाएंगे भजन पर झूमे भक्तजन

- आचार्य अश्वनी शर्मा ने सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में शुक्रवार रात महावीर चौक पर सुंदरकांड का पाठ किया गया। जिसमें मुख्य यजमान रामकुमार सैनी व उनके परिवार रहा। सर्वप्रथम आचार्य अश्वनी शर्मा ने पूजा अर्चना करवाकर गणेश वंदना, रामधुन व हनुमान चालीसा के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। जिसकी अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल ने की। राजेश सोनी ने रंग-बिरंगे फूलों से बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया।

इस अवसर पर गौरीशंकर शर्मा, महावीर प्रसाद अग्रवाल, रामानंद शर्मा, प्रमोद गर्ग, तरुण सोनी, विजय हल्दिया, प्रशांत सैनी, चिंटू गुप्ता, नवीन जैन, नरेंद्र गर्ग, नवीन बंसल ने सुंदरकांड पाठ के दौहे व चौपाइयों का गायन किया। मंडल के प्रमुख सदस्य राजेश सोनी ने मुख्य यजमान को बालाजी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद भजनों का दौर शुरू हुआ। जिसमें मास्टर गौतम ने आना पवन कुमार हमारे हरि कीर्तन में, महावीर प्रसाद अग्रवाल ने पकड़ लो हाथ बालाजी नहीं तो डूब जाएंगे, नवीन बंसल ने कारोबार मेरा बालाजी चलावे, रामानंद शर्मा ने श्री राम से कह देना, राकेश गुप्ता ने लूट रहा लूट रहा बाबा का खजाना लूट रहा आदि भजनों से भगवान की महिमा का गुणगान किया।



**नारनौल।** यजमान को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## नशे को खत्म करूंगा, इसके लिए दृढ़ संकल्पित हूंः ओपी सिंह



नारनौल। हरियाणा स्टेट नाकारेटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट रेवाड़ी की ओर से शनिवार को आरडी ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल महेंद्रगढ़ में नशे के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। बता दें कि रेवाड़ी हरियाणा राज्य नाकारेटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के दिशा निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व व उप पुलिस अधीक्षक सतेन्द्र कुमार व यूनिट रेवाड़ी इंचार्ज निरीक्षक अनील कुमार के मार्गदर्शन में समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों, स्टाफ व खिलाड़ियों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि हमें नशे से दूर रहना चाहिए। नशा शुरूआत में लोग शोक के तौर पर करते हैं, लेकिन बाद में धीरे-धीरे लोग नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं। नशे से शरीर व पैसा ही नहीं बल्कि परिवार भी बर्बाद हो जाता है। इस अवसर पर जीवन भर कभी किसी प्रकार का नशा ना करने बारे शपथ भी दिलवाई। यूनिट के पीआरओ भूपेंद्र सांगवान ने जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्कूल के विद्यार्थी व स्टाफ के सदस्यों से अपील की कि जीवन में कभी किसी प्रकार का नशा ना करें और लोगों को भी नशा न करने के बारे में प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दें, तो हरियाणा एनसीबी के टॉल फ्री नंबर 9050891508 पर सूचना दें।



## नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए प्रतियोगिता

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा की ओर से चलाए नशे के प्रति विशेष अभियान के तहत पुलिस द्वारा खेलों के माध्यम से नशे के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है। इसी कड़ी में निजामपुर के गांव छिलरो में थाना निजामपुर की पुलिस टीम ने युवा पीढ़ी को नशे के प्रति जागरूक किया और नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। थाना निजामपुर प्रबंधक निरीक्षक जगदीश ने बताया कि नशा एक धीमा जहर है, जो धीरे-धीरे करके युवाओं को अपनी चपेट में ले लेता है। बता दें कि पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला के युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है और साथ ही सकारात्मक कायारें और खेलों में उनकी सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है।

# एक दिवसीय सरसों खरीदः नारनौल मंडी में पहुंचे 294 किसान, 4500 क्विंटल खरीद का अनुमान

## नांगल में 4 हजार कट्टे लेकर पहुंचे 130 किसान, कनीना में आई 2800 क्विं. सरसों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




नारनौल। गेटपास बनवाते किसान और कनीना मंडी में सरसों बेचने के लिए आए किसान। फोटोः हरिभूमि।

राज्य सरकार द्वारा सरकारी समर्थन मूल्य पर सरसों की एक दिन के लिए खोली गई खरीद में किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है। नारनौल मंडी में 294 किसान सरसों लेकर मंडी पहुंचे। तापमान 45 डिग्री पार होने के बावजूद मंडियों में सैकड़ों की संख्या में किसान सरसों लेकर पहुंचे और सरकारी खरीद में हिस्सा लिया। सरकार ने रबी सीजन-2024 के तहत इस बार सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद 26 मार्च से शुरू कर दी थी, जो एक मई तक निरंतर चलती रही। सरसों परचेज के लिए जिले की सभी छह मंडियां निर्धारित की गई थी। इन मंडियों में केवल उन्हीं किसान सरसों सरकारी समर्थन मूल्य पर बेचने का मौका दिया गया। इस खरीद में इस बार जिले के किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा आए दिन नए-नए रिकार्ड बनाए।

इस बार खरीद एक मई तक चली थी, जिसके बाद बंद कर दी गई थी। बंद करने उपरांत अनेक ऐसे किसान बच गए थे, जो सरकारी समर्थन मूल्य पर सरसों बेचना चाहते थे, लेकिन बंदी के कारण वंचित रह गए। कुछ ऐसे भी किसान थे, जिनके गेटपास तो कट गए, लेकिन सरसों नहीं बेच पाए। प्रदेश की मंडियों में ऐसे वंचित किसान 839 थे, जबकि जिला महेंद्रगढ़ में ऐसे किसानों की संख्या 48 थी। कनीना में 46, नारनौल में 22 और सतनाली में 10 किसान गेटपास कटने के बावजूद सरसों की ऑक्शन में शामिल नहीं हो सके थे और सरसों बेचने से वंचित रह गए थे। इन्हीं किसानों को ध्यान में रखकर सरकार ने एक दिवसीय सरसों खरीद का निर्णय लिया, जिसके तहत अनाज मंडियों के सैकड़ों किसान पहुंच गए।

### नारनौल मंडी की स्थिति

नारनौल मंडी में शनिवार को हुई एकदिवसीय खरीद में शाम छह बजे तक 294 गेटपास काटे गए और यह किसान लगभग 4577 क्विंटल सरसों लेकर नारनौल मंडी पहुंचे। हालांकि किसान पिछले दिनों की तुलना में कम ही संख्या में पहुंचे, लेकिन भीषण गर्मी को देखते हुए इनकी संख्या काफी मानी जा रही है। सरकार ने सरसों का भा 5650 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया हुआ है। नारनौल मंडी के साथ-साथ कनीना व सतनाली में जहां हरियाणा स्टेट वेयर कारपोरेशन ने सरसों खरीद में भाग लिया, वहीं महेंद्रगढ़, अटेली और नांगल चौधरी में हैफेड ने सरसों परचेज शुरू की। परचेज का कार्य देर शाम तक भी जारी रहा।

### नांगल चौधरी मंडी में 130 किसानों ने चार हजार कट्टों की दर्ज कराई आवक

नांगल चौधरी। नांगल चौधरी अनाज मंडी में विभिन्न गांवों के करीब 130 किसानों ने चार हजार से अधिक कट्टों की आवक दर्ज करवाई है। कागजी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद एजेंसी ने सरसों को खरीद लिया है। साथ ही लिफ्टिंग की रफ्तार बढ़ाई गई है, ताकि आढ़तियों को ढेरियां करवाने में सुविधा रहे। आपको बता दें कि 30 अप्रैल को सरसों की खरीद बंद की गई थी, लेकिन कई किसानों का टोकन 70 से 90 क्विंटन सरसों बिक्री का टोकन था, लेकिन एक बार में 25 क्विंटल बिक्री की लिमिट होने के कारण बची हुई सरसों नहीं बेच पाए थे। उनकी सुविधा के लिए सरकार ने एक दिन के लिए दुबारा खरीद करने का निर्णय लिया है। निर्देशों के मुताबिक खरीद एजेंसी के अधिकारी सुबह आठ बजे ही मंडी में पहुंच गए। दूसरी ओर सरसों लेकर आए किसानों की मंडी गेट के सामने लंबी कतार देखी गई है। शाम तीन बजे तक 130 किसानों के टोकन रिलीज हुए। मार्केट कमेटी के सचिव आदित्य यादव ने बताया कि तकरीबन सभी किसानों की सरसों की खरीद हो चुकी है। ठेकेदार को उठान प्रक्रिया तेज करने की हिदायत दी है। उन्होंने बताया कि खरीद प्रक्रिया में पूरी पारर्शिता बरती गई है।

**कनीना मंडी में खरीदी गई 2800 क्विंटल सरसोंः कनीना।** प्रदेश सरकार की ओर से एक दिन के लिए सरसों खरीद की घोषणा की गई थी। जिस पर खरीद अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि करीब 2800 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। जिसको रेवाड़ी के गोदाम में रखवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने एक मई तक सरसों की खरीद की गई थी। इसके बाद शनिवार को एक दिन के लिए खरीद की गई थी। जिन किसानों का ऑनलाइन टोकन कटा हुआ था, उनके सरसों खरीदी गई है।

## खबर संक्षेप

### सचिन पायलट नांगल चौधरी में आज

**नांगल चौधरी।** राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट 19 मई को नांगल चौधरी में कांग्रेस प्रत्याशी राव दानसिंह के समर्थन में जनसभा करेंगे। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं विधायक मौजूद रहेंगे। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महेश सोडा ने बताया कि सचिन पायलट दोपहर 10 बजे गर्ल्स कॉलज में हेलीकॉप्टर लैंड करेगा। इसके बाद 10:30 बजे अनाज मंडी में जनसभा स्थल पर पहुंचेंगे।

### मतदान के लिए बीएलओ घर-घर बांट रहे मत पर्ची

**कनीना।** 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को मत पर्ची व मतदान का निमंत्रण पत्र बांट रहे हैं। सीनियर सिटीजन एवं दिव्यांग मतदाताओं को बैलेट पेपर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। अधिकारियों की ओर से शांतिपूर्वक चुनाव करवाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर पहुंचकर सुविधाओं का जायजा लिया जा रहा है। मतदान केंद्रों का नाम, संख्या लिखवाई गई है।

### अंडरपास के शेष निर्माण के लिए धरना जारी

**मंडी अटेली।** अटेली मंडी अंडरपास के शेष निर्माण कार्य को पूरा करने की मांग को लेकर धरना शनिवार को 165वें दिन भी जारी रहा। संचालक डॉ. राजेंद्र प्रसाद खरब ने की तथा संचालन मास्टर सुबेसिंह ने किया। संघर्ष समिति संचालक डॉ. राजेंद्र प्रसाद खरब व महावीर कौशिक तोबड़ा ने बताया कि दो महीनों से बंद पड़े अंडरपास निर्माण कार्य को शुरू कर पूरा करवाने को संघर्ष कर रहे हैं।

### वाटर पार्क कर्मी से मारपीट कर 20 हजार छीने

**मंडी अटेली।** नारनौल-रेवाड़ी नेशनल हाइवे पर गोकलपुर के समीप बने वाटर पार्क में काम करने वाले युवकों को बीच रास्ते में रोककर उनसे मारपीट कर 20 हजार रुपये छीन लिए गए। बेगपुर निवासी भारत ने बताया कि वह वाटर पार्क गोकलपुर में डिजे आपरेटर की नौकरी करता है। पार्क में उसने और उसके दोस्त अंकित ने चाय की कैंटीन कर रखी है। 17 मई की शाम घर के लिए निकले थे। मालिक नरदेव ने उसको 20 हजार रुपये डीजे रिपेयरिंग के लिए दिए थे। गोकलपुर सर्विस लाइन पर पीछे से दो बाइकों पर चार चार युवकों ने उनसे पैसे छीने लिए।

## जिले में भीषण गर्मी का कहर जारी

# तापमान @45 के पार, मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट

दिन व रात के तापमान में लगातार हो रही वृद्धि प्रशासन की जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। गर्मी से बचने के लिए दुपटा लपेटे युवती। फोटोः हरिभूमि

क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से आसमान से आग बरस रही है। जिसके चलते झुलसाने वाली भीषण गर्मी व लू ने अपने तेवरों को और प्रचण्ड करके रौद्र रूप धारण किया हुआ है। जिले में दिन व रात के तापमान में लगातार उछाल देखने को मिल रहा है। जिसके चलते प्रदेश में नारनौल का रात का तापमान सबसे ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। शनिवार को भी नारनौल की रात प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म रही, यहां का रात्रि तापमान 30.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

प्रचण्ड गर्मी ने आमजन का जीना दुश्वार कर दिया है। भीषण आग उगलने वाली गर्मी लगातार अपने तेवरों को और प्रचण्ड रूप धारण करती जा रही है। जिसके चलते भारतीय मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए जिला महेंद्रगढ़ के लिए रेड अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं सम्पूर्ण इलाके पर हीट वेव के थपेड़ों से आमजन को रूबरू होना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भीषण आग उगलने वाली गर्मी अपने तेवरों को और भी उग्र रूप धारण करने वाली है। जिसके चलते जिला प्रशासन ने इस प्रचण्ड गर्मी को देखते हुए एडवाइजरी जारी कर रखी हैं कि आमजन बहुत जरूरी हो तो घरों से बाहर निकले। अपने दैनिक क्रिया कलापों को सुबह व शाम को निपटाएं दोपहर को अपने घरों में ही रहे।

मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन ने बताया कि जिले में नारनौल का रात्रि तापमान 30.0 डिग्री सेल्सियस व महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि जिले में नारनौल का दिन का तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस व महेंद्रगढ़ का 45.7 डिग्री सेलिसयस दर्ज किया गया। डा. चंद्रमोहन ने बताया कि जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ के दिन तथा रात के तापमान क्रमशः सामान्य तापमान से 3.0 डिग्री सेल्सियस व 5.4 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया।

### जनजीवन अस्त व्यस्त

कनीना। बैसाख माह के पहले पखवाडे. में 45 डिग्री तापमान के चलते सामान्य जन जीवन चरमराने लगा है। वहीं चंहुओर आगजनी की घटनाएं घटित होने की संभावना बन रही हैं। गर्मी के तीखे तेवरों का असर बेजुबान परिंदों व मवेशियों पर स्पष्ट दिखाई देने लगा है। पेयजल की तलाश में जानवर ईधर-उधर भटक रहे हैं। तपती गर्मी में विद्यार्थी स्कूल जाने को मजबूर हैं। गर्मी के चलते दोपहर के समय सड़कों से निकलती आग की लपटों के कारण वाहनों की संख्या कम हो जाती है। सड़कों पर चलने वाले निजी व यात्री वाहनों तथा वाणिज्यिक संस्थानों में आगजनी होने की घटनाओं की संभावना बन रही है। प्रशासन की ओर से गर्मी को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है। वहीं आईएमडी की ओर से 21 मई तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान लू चलने के साथ-साथ तापमान में वृद्धि की संभावना है। करीब सवा महीने तक गर्मी का सितम जारी रहेगा। कनीना विकास खंड के 53 गांवों में बने अधिकांश बरसाती पानी आधारित जोहड़ सूखे पड़े हैं। जिसके चलते पशु-पक्षी पानी की तलाश में भटक रहे हैं।

बढ़ती गर्मी को लेकर प्रशासन ने एडवाइजरी जारी करते हुए आमजन से एतिहात बरतने को कहा है। जिसमें कहा है कि नागरिक अपने विशेष कार्य सुबह-सायं करें। घर के नवजात बच्चों, बुजुगार्ं व बीमारी से ग्रस्त लोगों का ध्यान रखें तथा उन्हें गर्मी से बचाएं। सूती कपड़े पहनें तथा घर से बाहर निकलते समय सिर पर तोलिया, टोपी या छाता रखें। प्यास न होने पर भी बार-बार पानी पिएं। फास्ट फूड व तले हुए खाने से बचें। परिंदों के लिए दाने-पानी की व्यवस्था करें।



## भूपेंद्र हुड्डा ने माफ किए थे 1600 करोड़ के बिजली बिलः दानसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सांसद दीपेंद्र हुड्डा शनिवार को भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह के समर्थन में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे। उन्होंने लोहारु, तोशाम, बवानी खेड़ा हलकों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर राव दान सिंह को भारी मतों के अंतर से जिताने की अपील की।

रैली को संबोधित करते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने 1600 करोड़ के बिजली बिल माफ किए थे। जिसका सबसे ज्यादा फायदा भिवानी-महेन्द्रगढ़ के लोगों को हुआ था। कांग्रेस की हुड्डा सरकार ने भिवानी महेंद्रगढ़ को शिक्षा व खेलों का हब बनाया। हुड्डा चौ. बंसीलाल के कामों की बहुत कद्र करते हैं। चौ. बंसीलाल जी के नाम पर भिवानी में यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज बनवाया। कांग्रेस सरकार के समय इस लोकसभा क्षेत्र के नारनौल में आयुर्वेदिक मेडिकल यूनिवर्सिटी, महेंद्रगढ़ में केंद्रीय विवि जैसे अनेक संस्थान व परियोजनाएं आईं। भिवानी में खेल विवि, राजीव गांधी महिला कॉलेज, बवानी खेड़ा में महिला कॉलेज, सरकारी तकनीकी संस्थान, लोहारु में महिला छात्रावास, तोशाम में चौ. बंसीलाल महिला कॉलज आदि की स्थापना की। लेकिन पिछले 10 साल में बीजेपी ने हरियाणा का भट्ठा बिठा दिया और हरियाणा का हर आदमी रुला दिया।

राव दानसिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की एक महिला को साल में 1 लाख रुपये देंगे। फौज की अग्निपथ योजना खत्म करेंगे। किसानों को एमएसपी की गारंटी और कर्ज से मुक्ति दी जाएगी। बुजुर्गों को 6000 बुढ़ापा पेंशन मिलेगी और 300 युनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।

## सूखी नदी में रखे ईंधन में लगी आग एक मकान की छत व दीवार क्षतिग्रस्त

**नारनौल।** ढाणी कोजिंदा के पास से कृष्णावती नदी गुजरती है। फिलहाल यह सूखी है। शनिवार दोपहर इन ईंधनों में आगजनी हो गई। आग किस कारण लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस आगजनी में नारनौल के अलावा महेंद्रगढ़, अटेली व नांगल चौधरी से आई फायर ब्रिगेड गाड़ियों ने पहुंचकर काबू पाया। घटना दोपहर करीब दो बजे घटी। देखते ही देखते चारों ओर ईंधनों में पहुंच गई। ग्रामीणों ने पहले खुद प्रयास किया। सफलता नहीं मिली तो फिर फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम में कॉल कर सूचना दी। नारनौल से दो फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुंची। इन दो गाड़ियों से आगजनी काबू में नहीं आई तो अटेली, महेंद्रगढ़ व नांगल चौधरी से एक-एक फायर ब्रिगेड गाड़ियों को बुलाया गया। एक के बाद एक करके गाड़ियों में भरे पानी से आग पर काबू पाया गया। इस दौरान ग्रामीणों के सहयोग से आस-पास ट्यूबवैलों के पानी का सहयोग भी लिया गया। फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम के मुताबिक इस आगजनी में करीब 50 ग्रामीणों के ईंधन जलकर राख हो गए। वहीं ग्रामीण राकेश व सुनील के मकान की छत व दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई। करीब 60 फीट प्लास्टिक पाइप भी इस आगजनी के भेंट चढ़ गया। शाम करीब पांच बजे इस आगजनी पर काबू पाया गया।



## मुखिया और प्रवक्ता के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश

- आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामलाः डीसी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखा पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरिभूमि इंपेक्ट

भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने लोकसभा आम चुनाव में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नीरपुर की मुखिया व भौतिकी विषय के प्रवक्ता के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के लिए लिखा है। डीसी एवं आरओ की ओर से हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में कहा गया है कि गत दिवस राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नीरपुर के बच्चों की ओर से एक राजनैतिक दल विशेष के लिए वोट की अपील बारे में जिला प्रशासन को शिकायत मिली थी। इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त ने नारनौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही शिकायत निर्वाण के नोडल अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को तुरंत कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। नारनौल विस के सहायक रिटर्निंग अधिकारी की जांच रिपोर्ट पर स्कूल मुखिया नीतू व प्रवक्ता भौतिकी कुलदीप शर्मा को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाया गया। डीसी ने जांच रिपोर्ट के आधार पर दोनों के विरुद्ध संबंधित विभाग से अनुशासनिक कार्रवाई के लिए हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सिफारिश भेजी है। इस संबंध में हरिभूमि ने 18 मई ने खबर प्रकाशित की थी।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत खेलों से युवाओं को किया जागरूक

**सतनाली मंडी।** पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के दिशानिर्देशानुसार प्रदेश के युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रदेशभर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देश में जिले के गांवों में खेल प्रतिस्पर्धाएं आयोजित करवाई जा रही हैं। इसके तहत विभिन्न गांवों को चिन्हित कर उन गांवों में एसपीओ को तैनात कर युवाओं को खेलों से जोड़ा जा रहा है। प्रवक्ता सुमित कुमार के अनुसार पुलिसकर्मी युवाओं के पथ प्रदर्शक का कार्य करते हैं। पुलिसकर्मियों की ओर से सुबह व शाम को अधिक से अधिक युवाओं को स्टेडियम में आने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सतनाली के गांव सुरहेती जाखल में पुलिस की ओर से वॉलीबॉल, रस्साकसी व दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। इस दौरान थाना सतनाली प्रबंधक निरीक्षक मुकेश ने कहा कि खेल युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा में लगाने का सबसे सशक्त माध्यम है। इससे न केवल युवाओं का शारीरिक विकास होता है, बल्कि वे स्वस्थ रहते हैं और भविष्य में कई तरह की फिटनेस परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। थाना प्रबंधक ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं, ऐसे में जरूरी है कि उनकी उर्जा का सही दिशा में इस्तेमाल किया जाए। युवा स्वयं भी नशे से दूर रहे और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।



### महिला कॉलेज में गृह विज्ञान की प्रदर्शनी आयोजित

**मंडी अटेली।** महिला कॉलेज में शनिवार को गृह विज्ञान विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य हस्तकला को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में छात्राओं द्वारा तैयार किए गए फैब्रिक पेंटिंग के कुशन कवर, पिल्लों कवर, टेबल कवर तथा विभिन्न प्रकार के सैंपल, ब्लॉक प्रिंटिंग से बने कुशन कवर, ग्लास पेंटिंग डेकोरेटिव पाट आदि को दिखाया गया। गृह विज्ञान विभाग इंचार्ज प्रियंका ने छात्राओं को बताया कि हस्तकला को अपने करियर अवसर के रूप में भी चयन कर सकते हैं।



### पाठक पुरस्कार योजना के तहत इनाम वितरित

**महेंद्रगढ़।** दैनिक हरिभूमि की पाठक पुरस्कार योजना के तहत इनाम वितरण का कार्य जारी है। शनिवार को पाठक पुरस्कार योजना के तहत गांव खेड़ा निवासी पाठक दयाकिशन को इलेक्ट्रिक केतली का इनाम दिया गया। 16 से अधिक पाठकों को इनाम दिया जा चुका है। उपहार पाने वालों के चेहरे खुशी से खिले हुए हैं। पाठक दयाकिशन ने कहा कि वे लंबे समय से लगातार दैनिक हरिभूमि अखबार पढ़ रहे हैं। इस अखबार में सही समाचार मिलता है। इस मौके पर जिला विज्ञापन प्रबंधक सोहन भोल्यान, रिकवरी प्रभारी महाबीर पुनिया, महेश यादव व विकास गोडवाल मौजूद रहे।



### नीरपुर योगशाला में महिलाओं ने लिया बढ़-चढ़कर भाग

**मंडी अटेली।** नीरपुर की योगशाला में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर गांव नीरपुर के सरपंच रतन पाल, आयुष विभाग के चिकित्सा अधिकारी डॉ. सहदेव सिंह, डॉ. अंकित शर्मा शोभापुर ने भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सहदेव सिंह ने ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी दिनचर्या मे योग को अपनाना चाहिए तथा नियमित रूप से योग अभ्यास करना चाहिए। योग से ही हम अपना सामाजिक, नैतिक, आध्यात्मिक व मानसिक विकास कर सकते हैं। इस मौके पर कटकई योगशाला के प्रभारी व आयुष योग सहायक पवन कौशिक ने उपस्थित योग साधकों को 45 मिनट योगाभ्यास किया।



## गरीब घरों के योग्य युवाओं को मिली नौकरीः धर्मबीर

- भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह ने लोहारू में चलाया जनसम्पर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़/भिवानी



लोहारू। हलके में लोगों को संबोधित करते भाजपा उम्मीदवार धर्मबीर सिंह।

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के समय में नौकरियां पर्ची और खर्ची से मिलती थी जबकि भाजपा के शासन के दौरान पर्ची व खर्ची का सिस्टम बंद कर केवल मैरिट आधार पर युवाओं को नौकरी मिली। जिसके चलते गरीब घरों के योग्य युवाओं को खासा लाभ मिला तथा उनका जीवन स्तर सुधरा। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जनता के हर वर्ग के लिए जनहितैषी नीतियां बनाई गई। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी शनिवार को भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह के समर्थन में मतदान की अपील करते हुए अटेली विधानसभा क्षेत्र के गांव भोजावास में जनसभा को संबोधित कर रही थी। इस दौरान उन्होंने चौ. धर्मबीर सिंह के पक्ष में मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया, ताकि देश को तरक्की की राह पर अग्रसर बनाए रखा जा सकें।

### इन्होंने भी किया संबोधित

इस मौके पर राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व हरियाणा लोकसभा चुनाव प्रभारी, अटेली विधायक सीताराम यादव, विधायक लक्ष्मण यादव, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव व धर्मबीर सिंह के पुत्र मोहित चौधरी ने कहा कि भाजपा सकारात्मक व प्रत्येक जन की हित सोच रखने वाली पार्टी है, जिसका उदाहरण भाजपा ने अपने 10 साल के शासनकाल में प्रत्येक जन के हित की योजनाएं क्रियान्वित कर दिया है। भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह ने शनिवार को लोहारू विधानसभा क्षेत्र के गांव कुड़ल, कुड़ल बास, ढिगावा श्यामियान, ढिगाावा जाटान,ढ़ाणी लक्ष्मण, भुंगला, बड़दू चैना, बड़दू पूर्ण, बड़दू धीरजा, बड़दू नई, बड़दू मुगल, बड़दू जोगी, बिठण, बुढ़ेडा, बुढ़ेबा बास, मनफरा, खरकडी, सिंघानी, गिगनाऊ, झुपा कलां, बारवास, झुपा कलां, झुपा खुर्द, बारवास,बिसलवास, अहमदवास खेड़ा, ढ़ाणी ढोला, समसावास, सोहांसड़ा, फरटिया भीमा, फरटिया केहर, फरटिया ताल, ढ़ाणी टोड़ा, गोठड़ा, कुशलपुरा गांवों में चुनावी सभाओं को संबोधित कर भाजपा के लिए वोट मांगें।

## 367 ने किया था आवेदन, 14 टीमें काम में लगाई

# घर से वोट डाल रहे बुजुर्ग व दिव्यांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




नारनौल। घर से वोट डालते बुजुर्ग।

भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार जिले में भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटनिंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता मार्गदर्शन में 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं व 40 फीसदी से अधिक दिव्यांगों के घर पर जाकर वोट डलवाए जा रहे हैं। इस बारे में अटेली के बीडीपीओ व अब्सेंटी वोटर के डेडीकेटेड एआरओ नवदीप सिंह ने बताया कि इस बार लोकसभा आम चुनाव में जिले में 367 नागरिकों ने घर से वोट डालने के लिए 12-डी फार्म भरा था। आज पोलिंग टीम ने उनके घर जाकर बैलेट पेपर के जरिए वोट डलवाना शुरू कर दिया है।

जिले में ऐसे 367 नागरिकों ने अपने घर से मतदान की सुविधा के लिए अपने बीएलओ के माध्यम से 12-डी फार्म में आवेदन किया था। इनमें 260 सीनियर सिटीजन व 107 विकलांग जन शामिल हैं। चुनाव आयोग ने इस बार 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं व 40 फीसदी से अधिक दिव्ययांगों को घर से मतदान करने का मौका दिया है।

उन्होंने बताया कि जिले में 14 टीमें इस कार्य के लिए लगाई गई हैं। इस टीम में रिजर्व में रखे गए पीठासीन अधिकारी तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों को रखा गया है। इनके साथ एक माइक्रो ऑब्जर्वर भी होता है तथा साथ ही पुलिस टीम भी रहती है। टीम में अपने साथ मतपेटी तथा वोटिंग कंपार्टमेंट लेकर जा रही है, ताकि मतदान की गोपनीयता बरकरार रहे। वोट की गोपनीयता को पूरी तरह से बरकरार रखा जा रहा है।

### प्रजातंत्र के उत्सव पर अपने मताधिकार का करें प्रयोग

नारनौल। आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में जिले महेंद्रगढ़ के नागरिक अपने मत का अधिकार का प्रयोग पूरे गर्व के साथ करेंगे। यह प्रजातंत्र का सबसे बड़ा त्योहार होता है। इस त्योहार के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश अनुसार मतदान केंद्रों पर इस बार बहुत सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि हीट वेव को ध्यान में रखते हुए मतदाताओं को अपार सुविधाएं दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्र ग्राउंड फ्लोर पर बनाए गए हैं, ताकि किसी भी नागरिक को मत डालने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो। वहीं सभी मतदान केंद्रों पर रैंप की सुविधा भी दी गई है, ताकि विकलांग मतदाता आसानी से मतदान केंद्र के अंदर प्रवेश कर सकें। डीसी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों व गर्भवती महिलाओं के लिए मतदान केंद्र पर बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था भी की जाएगी। साथ ही रोशनी व बिजली की सुविधा के लिए बिजली निगम को सख्त हिदायत दी गई हैं।


BR GROUP OF SCHOOLS
Empowering Education
सही वक्त पर लिया गया निर्णय ही आपके सपनों को पूरा कर सकता है।
ADMISSION OPEN 2024-25
12th TOPPERS - 2024
94.8% MAMTA D/O SH. SOMVIR
93.4% NISHU D/O SH. VRIJ MOHAN
93.00% TAMANNA D/O SH. BIRENDER
90.4% SANGEETA D/O SH. BALWANT
90.4% NIKITA D/O SH. MANOJ
89.8% SUMAN D/O SH. SUKHBIR
89.6% KOMAL D/O SH. SUDHIR KUMAR
BHANUPRIYA D/O SH. SURENDER
89.6% RANI D/O SH. MANJEET
89% KHUSHI D/O SH. GAUTAM
89% HAPPY S/O SH. SURESH
88.4% KHUSHI D/O SH. CHANDER BHAN
88% RAVINA D/O SH. RAJKUMAR
87% VIKRANT S/O SH. SANDEEP
86.8% POOJA D/O SH. BALWAN
86.4% BHAWANA D/O SH. SURENDER
86% EKTA D/O SH. RAJESH
85.2% GAURAV S/O SH. PRADEEP
83.8% RITIKA D/O SH. HARENDER
83.8% TEENA D/O SH. ROOP SINGH
83.6% MOHIT S/O SH. MUKESH
83.4% VIPIN S/O SH. DHARMENDER
83.2% GAURAV S/O SH. RAMCHANDER
82.8% KULDEEP S/O SH. ZILE SINGH
82.6% SHIVANI D/O SH. LEELA RAM
81.2% JYOTI D/O SH. VINOD KUMAR
80.8% MANISHA D/O SH. SURENDER
80.6% RAHUL S/O SH. SURENDER
80.4% ARTI D/O SH. ATTAR SINGH
80.4% SAHIL S/O SH. SATISH
79.8% DIKSHA KUMARI D/O SH. SANDEEP
POOJA D/O SH. PRADEEP
79.6% MAHAK D/O SH. MANOJ
79.4% MANISH AHLAWAT S/O SH. PRADEEP
79.2% URANSH S/O SH. MANOJ
78.6% ANKUR S/O SH. PANKAJ
78.6% MUSKAN D/O SH. RAM SINGH
78.4% NEERAJ S/O SH. PRITAM
78.2% NIKHIL S/O SH. SURENDER
77.4% REETU RANI D/O SH. VIRENDER
77.2% ANKUSH S/O SH. KULDEEP
76.6% PRINCE S/O SH. DEEPAK
76.4% AMIT S/O SH. SATYAPAL
76.4% RAHUL S/O SH. RAVINDER
76% PRIYANKA D/O SH. DALBIR
76% AAMAN KHAN S/O SH. AMZAD KHAN
75.8% AARZOO D/O SH. RAJ KUMAR
SPECIAL SPORTS FACILITIES
Kho-Kho Kabaddi Badminton
Boxing Volleyball Archery
Karate and all athletics games
10th TOPPERS - 2024
97% ANSHU D/O SH. UDAIBHAN
94.4% AACHUKI D/O SH. MAHESH
94.4% SWEETY D/O SH. SACHIN
94.2% ROHIT S/O SH. RAMSINGH
94% SWEETY D/O SH. MANJEET
93.6% DIPENDER S/O SH. DHARMENDER
93% DIKSHIKA D/O SH. RAJKUMAR
91% USHA D/O SH. MOJIRAM
89.8% NISHA D/O SH. NIHAL SINGH
89.8% HIMANSHU S/O SH. SANDEEP
89.4% PRIYA D/O SH. RISHI KUMAR
89% ASHISH S/O SH. SOMESH
89% PANKAJ KUMAR S/O SH. UMED SINGH
88.2% PUNEET S/O SH. RAVINDER
88% KOMAL D/O SH. DHARAMBIR
87.4% VARSHA D/O SH. ROSHAN SINGH
87% SAHIL S/O SH. RAKESH
86.2% VASHU S/O SH. SANDEEP
86% CHETAN S/O SH. SUNIL
85.8% GIRIRAJ GOYAL S/O SH. PITAMBER GOYAL
85.2% RISHAB S/O SH. SAMSHER
85% DIVYA D/O SH. BHEEM SINGH
84.4% PARI D/O SH. KHUSHIL
83.8% SUMIT S/O SH. SUDHIR
83.6% REETU D/O SH. MADAN SINGH
83.4% PRIYA D/O SH. MANOJ
83% AJAY S/O SH. VIKRAM
82.8% SUMIT S/O SH. SANJAY
82.8% ANUJA D/O SH. PRADEEP
82.6% PALAK D/O SH. KANWAR PAL
82.4% DIPESH S/O SH. RAJESH
82.4% KAPIL SINGH S/O SH. SAJJAN SINGH
82.2% BHABISYA S/O SH. RAJKUMAR
82.2% MANISH S/O SH. BALJEET
81.8% DUSHYANT S/O SH.PREETAM
81.8% MUSKAN D/O SH. DHARMENDER
81.6% RENUKA D/O SH. JAI PARKASH
81.2% PALAK D/O SH. KAILASH
80.6% VIPIN S/O SH. SURENDER
80.4% MUSKAN D/O SH. MANOJ
79% PUSPENDER S/O SH. PITAMBER
78.6% HIMESH S/O SH. RAJENDER
78.6% NAITIK S/O SH. SANJAY
77% TANISH S/O SH. RAJESH
76.4% NITIN S/O SH. INDRAJ
75.6% PRIY S/O SH. MAHESH
75.4% PRINCE S/O SH. CHANDERBHAN
75.2% NEHA D/O SH. DHARMVEER
SPECIAL COACHING FACILITIES
IIT NEET NTSE KVPY
RAI SPORTS SCHOOL
SAINIK SCHOOL
NAVODAYA SCHOOL ETC..
BR GROUP OF COLLEGES
(Affiliated to IGU, Meerpur, Rewari)
A Co-Educational Institutes for Boys & Girls
*BBA *BCA *BA *B.Com. *B.Sc. (Medical) *B.Sc. (Non Medical)
*B.Sc. (Computer Science) *D. Pharmacy *D.El.Ed *B.Ed.
Apply Online at www.brcollege.edu.in
REGISTRATION OPEN FOR 2024-25
Sehlang, Mahendergarh
Birhi Kalan, Charkhi Dadri
9416344514 || 9991647879
info@brschool.edu.in
www.brschool.edu.in